# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 66 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 23 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनाव की उलटी गिनती शुरू, आयोग ने जारी की कलेक्टरों को गाइडलाइन

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**





प्रदेश में पंचायत और शहरी निकाय चुनावों का माहौल बनने लगा है। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलों के कलेक्टरों को चुनावी तैयारियों की विस्तृत गाइडलाइन भेजकर संकेत साफ कर दिए हैं कि अब चुनावों की घोषणा कभी भी हो सकती है। आयोग ने वोटर लिस्ट से लेकर सभी व्यवस्थाएं तय समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि नवंबर तक प्रदेश में पंचायत और निकायों में मतदान संपन्न हो सकता है। सरकार भी 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की नीति पर अडिग दिखाई दे रही है।

निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशन 20 सितंबर को होगा। इसके बाद 5 अक्टूबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। 29 और 30 सितंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। दावों का निस्तारण 12 अक्टूबर तक होगा और 24 अक्टूबर तक पूरक सूची तैयार होगी। अंत में 29 अक्टूबर को अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद–तीनों स्तरों पर अलग-अलग वोटर लिस्ट तैयार करनी होगी। इसके लिए 1 जनवरी 2025 को आधार तिथि माना जाएगा। निकाय चुनावों के लिए ड्राफ्ट लिस्ट 24 सितंबर को प्रकाशित होगी और अंतिम सूची 3 नवंबर को जारी की जाएगी। इस दौरान 8 अक्टूबर तक दावे-आपत्तियां ली जाएंगी और 16 अक्टूबर तक उनका निस्तारण होगा। गाइडलाइन के अनुसार इस बार 163 शहरी निकायों की वोटर लिस्ट बनाई जाएगी, जिनमें नवगठित निकाय भी शामिल हैं। आयोग का यह निर्देश स्पष्ट करता है कि अक्टूबर के बाद चुनावी बिगुल बजने वाला है और नवंबर में मतपेटियां सजने लगेंगी।

## सेल्फी लेते समय पैर फिसला, 17 वर्षीय युवक गोवटा बांध में डूबा





**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद**

गोवटा बांध में शुक्रवार को एक युवक डूब गया। वह अपने दोस्तों के साथ बांध पर घूमने आया था । थाना प्रभारी शंकर सिंह ने बताया कि मांडल तहसील के रघुनाथपुरा गांव का 17 वर्षीय दीपक पुत्र जितेंद्र पुरोहित शुक्रवार को अपने दोस्त परमेश्वर और पीयूष के साथ बांध पर आया था , जहां चट्टान पर खड़ा होकर सेल्फी ले रहा था, तभी अचानक पैर फिसलने से वह गहराई में जा गिरा।

इस दौरान उसके दोनों साथीयो ने घटना की परिजनों व पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस व एनडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। हादसे की खबर फैलते ही मौके पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

## अवैध मादक पदार्थ तस्करी में फरार 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने 8 माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी रामनारायण जाट को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया है कि बीती 5 जनवरी को हनुमाननगर थाना पुलिस ने एक कंटेनर से 978 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया था। इस मामले में शाहरूख मोहम्मद और सचिन गुर्जर को गिरफ्तार किया गया था, जबकि सहअभियुक्त रामनारायण जाट फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी रामनारायण जाट को हाल ही में मौखमपुरा थाना पुलिस (जयपुर ग्रामीण) ने अवैध गांजा परिवहन करते पकड़ा था। जिसके बाद प्रोडक्शन वारंट के जरिए सांभर लेक उपकारागृह से उसे प्राप्त कर कोटड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया और अब रिमांड पर लेकर मामले की गहन पूछताछ की जा रही है।



## भीलवाड़ा पुलिस ने बदमाश प्रवृत्ति के अपराधी की खोली हिस्ट्रीशीट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले में गंभीर प्रवृत्ति के अपराधियों पर नकेल कसने की कार्रवाई के तहत पुलिस ने थाना कोटड़ी क्षेत्र के एक अपराधी की हिस्ट्रीशीट खोली है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर थाना अधिकारियों को ऐसे अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध दर्ज मामलों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल करने के आदेश दिए गए थे। इसी कड़ी में कोटड़ी थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी अनिल कुमार नायक (33) पुत्र रामेश्वरलाल नायक को बदमाश प्रवृत्ति का अपराधी मानते हुए उसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है। अनिल कुमार नायक के खिलाफ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, मादक पदार्थ तस्करी और एक्सीडेंटल मामलों सहित कुल 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि ऐसे अपराधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी।

## दिनभर चला बारिश का दौर, गलियों में बहा पानी, बच्चों को हुई परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

(सांवर वैष्णव)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को सुबह से लेकर देर शाम तक रुक-रुक कर बारिश का दौर चलता रहा। कभी रिमझिम तो कभी तेज गति से हुई बारिश ने आमजन को दिनभर घरों में दुबके रहने पर मजबूर कर दिया।

क्षेत्र के सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, कुड़ी, बोरखेड़ा, खजीना, खरेड़, पिथास, सोलकिया का खेड़ा और कांदा सहित कई गांवों में करीब 10 एमएम बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश के चलते गलियों में पानी बहने लगा। स्कूली बच्चों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा, कई बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे और भीगते ही घर लौटे। लगातार हो रही बरसात से मौसम सुहाना बना रहा। कस्बे में चाय की थड़ियों और गर्म व्यंजनों की दुकानों पर दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही।



## सुरास में खेत से मिला 12 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

क्षेत्र के सुरास गांव में शुक्रवार को खेत में 12 फीट लंबा अजगर मिलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सुरास निवासी लादूलाल गाडरी के खेत पर मुकेश गाडरी घास काट रहा था। इसी दौरान घास में छिपा अजगर दिखाई दिया। मुकेश ने तुरंत वन विभाग के वनरक्षक चंद्र प्रकाश को सूचना दी। इसके बाद रेस्क्यू टीम के नारायणलाल बैरवा मौके पर पहुंचे और अजगर को सुरक्षित पकड़कर जंगल के फॉरेस्ट एरिया में छोड़ा।

बैरवा ने बताया कि अजगर करीब 12 फीट लंबा था और भोजन की तलाश में खेत की ओर आया था। रेस्क्यू के दौरान वन विभाग के रेंजर प्रशांत भट्ट, वनपाल हरिशंकर विश्नोई, वनरक्षक योगेन्द्र सिंह, रानी कंवर, रामस्वरूप विश्नोई सहित रेस्क्यू टीम मौजूद रही।

## भीलवाड़ा में पहली बार होगा शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

### 9 से 15 सितम्बर तक पं. प्रदीप मिश्रा सुनाएँगे अमृतमयी कथा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 9 से 15 सितम्बर तक आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में होगा। कथा की तैयारियों का जायजा लेने मध्यप्रदेश के सिहोर से पं. मिश्रा के प्रतिनिधि समीर शुक्ला अपनी टीम के साथ बुधवार को भीलवाड़ा पहुंचे।

प्रतिनिधि मंडल ने सर्वप्रथम श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज से आशीर्वाद लिया और फिर आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी व संयोजक गजानंद बजाज के साथ कथा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंच व पांडाल निर्माण, पार्किंग, सुरक्षा, भोजनशाला और प्रवेश-निकास व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आवश्यक सुझाव दिए गए।

आयोजन समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में कथा को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कार्यकारी अध्यक्ष सोमानी ने बताया कि लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

निरीक्षण के दौरान समिति महासचिव पीयूष डाड, ललित सोमानी, पवन पंवार, राजेश कुदाल, रमेश्वरलाल ईनाणी, दुर्गालाल सोनी, कैलाश साहू, मनीष अठारिया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आबकारी विभाग का अभियान : अवैध शराब व ओवररेट दुकानों पर बड़ी कार्रवाई

**80 अभियोग दर्ज, 30 से अधिक आरोपी गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में शराब जब्त व नष्ट**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

आबकारी आयुक्त राजस्थान, उदयपुर के निर्देशानुसार जिले में 1 अगस्त से 21 अगस्त तक चलाए गए विशेष अभियान में आबकारी विभाग ने अवैध शराब माफिया व ओवररेट वसूली करने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की।

जिला आबकारी अधिकारी गौरव मणि जौहरी ने बताया कि 21 दिन चले अभियान में जिले की विभिन्न टीमों (आसींद, भीलवाड़ा, गंगापुर, मांडलगढ़, शाहपुरा) द्वारा कुल 80 अभियोग दर्ज किए गए। इनमें 12 महत्वपूर्ण, 42 साधारण, 10 एमआरपी, 1 टाइमिंग व 15 अन्य मामले शामिल हैं।

### अभियान के दौरान—

- 51 अभियोग में 496 पव्वे देशी शराब, 56 बीयर बोतल, 28 बीयर केन व 180 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की गई। साथ ही 50 लीटर उत्तेजित वॉश नष्ट की गई और 13 अभियुक्त गिरफ्तार हुए।
- 29 अभियोग में 1009 पव्वे देशी शराब, 10 पव्वे अंग्रेजी शराब, 14 बीयर बोतल व 215 लीटर हथकढ़ शराब बरामद की गई। इसके अतिरिक्त 7550 लीटर उत्तेजित वॉश व 17 अवैध भट्टियां नष्ट की गईं। इस कार्रवाई में 17 अभियुक्त गिरफ्तार हुए।

अभियान के दौरान शाहपुरा, गुलाबपुरा और मांडलगढ़ थाने में 4 अति महत्वपूर्ण सुलगती भट्टियों के मामले दर्ज हुए। चालू भट्टी के उपकरण भी जब्त कर लिए गए। जौहरी ने बताया कि जिले में 21 दिन चले इस विशेष अभियान के नतीजे संतोषजनक रहे और भविष्य में भी अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।





# गुरला क्षेत्र के सुंदरपुरा में 9 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू



भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

(बद्री लाल माली)। क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोचरिया के सुंदरपुरा गांव में शुक्रवार को खेत में 9 फीट लंबा अजगर दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सोहन पुत्र कजोड़ कुमावत के खेत में अजगर नजर आते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वनरक्षक रूपेन्द्र सिंह पुरावत और रेस्क्यू टीम के नारायण लाल बैरवा मौके पर पहुंचे और अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।

रेस्क्यू अभियान के दौरान वन विभाग के वाहन चालक मनोहर लाल सालवी, वनरक्षक रूपेन्द्र सिंह पुरावत व वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बैरवा मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और बीस सूत्री कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उन्होंने खाद्य विभाग को एनएफएसए में नए परिवार जोड़ने, ऊर्जा विभाग को कुसुम योजना, कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, चिकित्सा विभाग को आयुष्मान आरोग्य योजना तथा महिला अधिकारिता विभाग को लाडो प्रोत्साहन योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन शहरी में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था मजबूत करने और पिंक टॉयलेट निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि योजनाओं की प्रगति में सुधार कर जिले को राज्य स्तर पर बेहतर स्थान दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# ब्लॉक रैंकिंग सुधार में शाला दर्पण प्रभारियों की अहम भूमिका : सीबीईओ पारीक





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। शाला दर्पण प्रभारियों की मेहनत और सजगता से ही ब्लॉक रैंकिंग में सुधार संभव है- यह कहना था कोटड़ी ब्लॉक के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) अशोक पारीक का। वे शुक्रवार को सवाईपुर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में ब्लॉक के 50 शाला दर्पण प्रभारियों ने भाग लिया। सीबीईओ पारीक ने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर रैंकिंग में सुधार लाया जा सकता है और ब्लॉक को अग्रणी बनाया जा सकता है।

बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के बाद सीबीईओ पारीक व अन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन नक्षत्र गार्डन में पीपल और शमी का पौधा रोपित किया। इस दौरान हुई बारिश को उपस्थितजनों ने इंद्रदेव की सहभागिता बताया।

सीबीईओ पारीक ने विद्यालय की अनुशासित व्यवस्था, सफल संचालन और शिक्षकों-विद्यार्थियों की सक्रियता की सराहना की। अंत में प्राचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने सभी अतिथियों का आभार जताया।

# मनीषा वैष्णव हत्या प्रकरण में न्याय दिलाने की मांग, वैष्णव समाज ने दिया ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

भिवानी हरियाणा की नर्सिंग छात्रा मनीषा वैष्णव की हत्या के मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शाहपुरा क्षेत्र के वैष्णव समाज ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

समाजजनों ने बताया कि 11 अगस्त को एडमिशन के लिए निकली मनीषा का शव 13 अगस्त को खेतों में मिला, लेकिन हरियाणा पुलिस ने मामले को आत्महत्या बताने का प्रयास किया। विरोध और आंदोलन के बाद जांच की घोषणा हुई, किंतु अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन में मांग की गई कि उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, हरियाणा प्रशासन की लापरवाही की जांच हो, परिवार को 2 करोड़ मुआवजा व राजकीय सेवा में नियुक्ति मिले और महिलाओं की सुरक्षा के ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन के दौरान वैष्णव समाज के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महासाध्वी डॉ. दर्शन प्रभा जी महाराज को गुणानुवाद सभा में श्रद्धांजलि, सर्वसमाज उमड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद





नंदराय कस्बे में जैन स्थानक भवन में संचेती परिवार की ओर से आयोजित गुणानुवाद सभा में क्षेत्रभर से समाजजन उमड़ पड़े। कार्यक्रम में 18 अगस्त को बेंगलुरु में देवलोक गमन कर चुकीं राष्ट्रीय श्रमण संघ की दक्षिण सिंहणी महासाध्वी डॉ. दर्शन प्रभा जी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि महासाध्वी ने 51 वर्ष संयममय जीवन व्यतीत कर जैनागमों का गहन अध्ययन किया, अनेक शोधग्रंथ और लेख लिखे। उनकी निर्भीकता, साधना और स्वाध्याय की परंपरा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्हें दक्षिण सिंहणी उपाधि से अलंकृत किया गया था।

इस अवसर पर स्व. कमला जैन की पुण्यतिथि पर भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जैन दिवाकर मंच की राष्ट्रीय मंत्री मधु संचेती, मंत्री राजेंद्र सिसोदिया, संत रूपचंद जी महाराज सहित कई वक्ताओं ने संबोधन दिया।

सभा में बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग, समाजसेवी, अधिकारी, महिलाएं और युवाओं ने भाग लिया। अंत में संचेती परिवार ने पर्युषण पर्व संबंधी पूजा का आयोजन कर प्रसाद व प्रभावना का वितरण किया।

# रेकी और प्रार्थना जीवन को बनाती हैं सरल : रेकी गुरु रेखा चौधरी



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

बसंत बिहार गांधीनगर माहेश्वरी महिला मंडल ने नारायण रेकी टॉक का आयोजन किया, जिसमें लगभग 80 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम में रेकी गुरु रेखा चौधरी ने कहा कि रेकी और प्रार्थनाएं जीवन को सुंदर और आसान बनाती हैं। रेकी से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है, जो विचार, वाणी और व्यवहार को संवारती है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया, नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी सहित मंडल की कार्यकारिणी और संरक्षक मौजूद रहे। मंच संचालन मिता सोमानी ने किया।



## QUICK BITES

### स्कूली बालिकाओं को किशोरावस्था व स्वास्थ्य पर जागरूक किया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वास्थ्य, स्वच्छता और किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक-मानसिक परिवर्तनों पर जागरूक किया गया।

ब्लॉक समन्वय आइशा खान ने पर्सनल हेल्थ, मासिक धर्म में सावधानियां, एनीमिया, पौष्टिक भोजन व टीकाकरण पर जानकारी दी। महिला सुपरवाइजर पूजा मीणा ने छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया।

सहायक सामाजिक विकास महेंद्र सिंह राणावत ने एफएसटीपी प्लांट से गंदगी निस्तारण की प्रक्रिया बताई, जबकि कनिष्ठ अभियंता प्रहलाद गुलपरिया ने ठोस-तरल कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में व्याख्याता टिंकू रानी कोली का सहयोग रहा।

### उपखंड अधिकारी को सौंपा 11 सूत्रीय मांग पत्र, कृषि कर्मचारियों ने किया ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार का ऐलान

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ



**(महावीर वैष्णव)।** लंबित मांगों को लेकर कृषि विभाग कर्मचारियों ने शुक्रवार को उपखंड अधिकारी को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होता, तब तक वे सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करेंगे।

कृषि पर्यवेक्षक समन्वय समिति शाखा भीलवाड़ा के बैनर तले बिजौलिया और मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र के कर्मचारियों ने यह ज्ञापन सौंपा। इसमें स्पष्ट किया गया कि आंदोलन की अवधि में राजस्व विभाग के फसल कटाई प्रयोग सहित कोई भी कार्य ऑनलाइन नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर सभी सहायक कृषि अधिकारी, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक और कृषि पर्यवेक्षक मौजूद रहे। कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# सुविचार अभियान की जिला बैठक सम्पन्न, 30 अगस्त को भीलवाड़ा पहुंचेंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



सुरभि विहार चारागाह रक्षण हेतु चल रहे सुविचार अभियान की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को शाहपुरा में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 30 अगस्त को भीलवाड़ा में होने वाले सुविचार सम्मेलन में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

जिला सहसंयोजक परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि सम्मेलन आरसीएम वर्ल्ड में आयोजित होगा, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सहकार्यवाह जोशी मार्गदर्शन देंगे। सम्मेलन में टोली निर्माण, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, रसायन मुक्त खेती तथा समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों से संपर्क पर चर्चा होगी।

जिला संयोजक गुदड़मल गुर्जर ने गांव-गांव में सूची बनाकर कार्यकर्ताओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी दी। आयोजन को सफल बनाने हेतु पंचायत समितिवार जिम्मेदारियां सौंपी गईं । शाहपुरा में शिवराज सोनी, ब्रह्मलाल खारोल , जहाजपुर अभय सिंह मीणा, लोकेश कुमार शर्मा कोटड़ी कन्हैयालाल प्रजापत, बिरदीचंद्र धोबी , मांडलगढ़ बुद्धराज आचार्य, मोतीलाल गुर्जर , बिजौलिया हितेंद्र सिंह, श्यामलाल को जिम्मेदारी दी गई ।

बैठक में शिवराज सोनी, ब्रह्मलाल खारोल, देवकिशन जोशी, भगवत सिंह, कन्हैयालाल, उमेश कुमार वैष्णव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीबीईओ शाहपुरा गीता माहेश्वरी ने किया खेड़ा पालोला विद्यालय का निरीक्षण

## घुमंतू जाति के 12 बालकों को पहली बार शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**पेसवानी।** कोठियां समीपवर्ती राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा पालोला कोठियां में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी ने औचक निरीक्षण किया।हरियालो राजस्थान , प्रवेशोउत्सव की प्रगति की समीक्षा व विद्यालय भवन की स्थिति का जायजा लिया।

कक्षा 7 में गणित विषय के स्तर को परखा और विद्यालय अभिलेख संधारण, पुस्तकालय पुस्तक वितरण की स्थिति, गरिमा पेटी, एमडीएम, , पेयजल टंकी साफ-सफाई, शौचालय, मूत्रालय, किचन शेड साफ-सफाई, अनाज भंडारण, पायलट प्रोजेक्ट कक्षा 5 गणित,धारा प्रवाह पठन,इंस्पायर अवार्ड, राज्य सरकार की छात्रवृत्ति योजना, आपणी लाडो, बाल सुरक्षा सहित योजनाओ व अभिलेखों की जांच की। विद्यालय अभिलेख संधारण एवं परिसर स्वच्छता से अभिभूत हुए। संस्था प्रधान अरवत्यार अली ने परीक्षा परिणाम नवोदय मे चयन,भामाशाह एवं जन सहयोग शैक्षिक, सहशैक्षिक व भौतिक गतिविधियों की प्रगति ,शिक्षा से वंचित वर्ग घुमंतू जाति के 12 बालको को पहली बार नामांकन नामांकन में शत प्रतिशत लक्ष्य की जानकारी दी । इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल बलाई विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य कनक गुर्जर, मीना खटीक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

# वेदांत व अनुष्का करेंगे राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा





यंग स्पोर्ट्स क्लब शाहपुरा के खिलाड़ी वेदांत व्यास और अनुष्का सेन का चयन 44वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर शूटिंग बॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता बोधगया, बिहार में आयोजित होगी।

राजस्थान शूटिंग बॉल एसोसिएशन पदाधिकारियों ने टीम को रवाना कर पदक जीतने की शुभकामनाएं दीं। महासचिव ओ.पी. माचारा ने बताया कि खिलाड़ियों का चयन हाल ही में उदयपुर में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ था।

यंग स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष रामप्रसाद कुम्हार व सचिव राजेंद्र सिंह धाभाई सहित प्रशिक्षक व खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।

# पिथास में एक शाम बाबा रामदेव के नाम विशाल भजन संध्या सोमवार को

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव )**- सवाईपुर क्षेत्र के पिथास गांव में बाबा रामदेव जी की जयंती के उपलक्ष पर एक शाम बाबा रामदेव के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन सोमवार को किया जाएगा । सदस्य धर्मराज बलाई ने बताया कि बाबा रामदेव जी की जयंती के उपलक्ष पर विशाल भजन संध्या का आयोजन सोमवार को रात्रि 9 बजे से होगा, भजन संध्या में भजन गायक कलाकार हर्षित लोहार, डीजे किंग कमलेश सेन व हरीश वर्मा भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां देंगे ।

वही नृत्यांगना माही शेखावाटी, पायल राणा व सिमरन भीलवाड़ा नृत्य की प्रस्तुति देगी, कॉमेडियन सांवर सेन कॉमेडी से सबका मनोरंजन करेंगे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर व श्रीजी ग्रुप के डायरेक्टर शंकरलाल डांगी होंगे । मंच का संचालन नवीन शर्मा के द्वारा किया जाएगा ।

# गुरूजी का खेड़ा में जर्जर टंकी हादसे को दे रही दावत, ग्रामीणों ने प्रशासन से की कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी ।** उपखंड की डाबला चांदा ग्राम पंचायत के गुरूजी का खेड़ा गांव में स्थित वर्षों पुरानी पानी की टंकी इन दिनों जर्जर अवस्था में खड़ी होकर किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही है। गांव के मुख्य मार्ग के किनारे बनी यह टंकी अब पूरी तरह से कमजोर हो चुकी है और इसके ढहने का खतरा हर पल मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि इसे जल्द से जल्द ध्वस्त नहीं किया गया तो कोई बड़ी अनहोनी घट सकती है।

ग्रामीणों के अनुसार यह टंकी वर्षों पहले गांव की पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई थी। लेकिन लंबे समय से रख-रखाव और मरम्मत नहीं होने के कारण अब यह खस्ताहाल हो चुकी है। टंकी की दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं और जगह-जगह से लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं। आधार कमजोर हो चुका है, जिसके कारण टंकी कभी भी गिर सकती है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यह टंकी गांव की मुख्य सड़क के बिल्कुल पास स्थित है। रोजाना इसी सड़क से बच्चे, बुजुर्ग और ग्रामीण आवागमन करते हैं। सुबह-शाम स्कूल जाने वाले बच्चे अक्सर टंकी के पास से होकर गुजरते हैं। यदि अचानक यह ढह गई तो जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने कहा कि यह टंकी अब गांव के लिए उपयोगी नहीं बल्कि खतरे का सबब बन गई है। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार पंचायत और जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। मौखिक और लिखित दोनों रूपों में शिकायतें की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही कभी भी गांव के किसी निर्दोष की जान पर भारी पड़ सकती है। गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने बताया कि बच्चे खेलते-खेलते अक्सर टंकी के आसपास चले जाते हैं। टंकी की कमजोर स्थिति को देखते हुए यह और भी खतरनाक हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि कोई हादसा हुआ तो इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और पंचायत की होगी।

गांववासियों ने एक सुर में मांग की है कि गुरूजी का खेड़ा स्थित इस जर्जर टंकी को तुरंत ध्वस्त किया जाए। उनका कहना है कि प्रशासन को इसे प्राथमिकता से लेना चाहिए ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।



ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों की अपील है कि पंचायत और प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर तुरंत कदम उठाए और गांव की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों के चेहरों पर खिला उत्साह, मिली शैक्षणिक सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



शिक्षा के रास्ते में आर्थिक तंगी बाधा न बने, इसके लिए लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट लगातार सराहनीय प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में संस्था ने आनंदो परियोजना के तहत बिजौलियां, मकरेड़ी, कांस्या, सलावटिया, भोपतपुरा और गरड़दा (बूंदी) के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस पहल से सैकड़ों बच्चों को पढ़ाई जारी रखने में संबल मिला।

आनंदो और आनंदो प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 8 से 10 के 424 और कक्षा 11-12 के 174 छात्र–कुल 598 लाभार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियां, ज्योमेट्री बॉक्स, ग्राफ बुक व ड्राइंग बुक प्रदान की गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर पढ़ाई के प्रति नया उत्साह झलक उठा।

प्रत्येक विद्यालय में हुए वितरण कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, सरपंच और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी राजमल भील, असिस्टेंट कॉर्डिनेटर शकुंतला धाकड़, रवि पाल तथा केंद्र कार्यकारी रेनू कंवर, बेबी वर्मा, सोनल खींची, राकेश मीणा, पवन बैरागी, प्रमोद धाकड़ सहित संस्था के शिक्षक भी मौजूद रहे।

# राजेन्द्र मार्ग स्कूल में कृमि मुक्ति अभियान का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेन्द्र मार्ग में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की शुरुआत हुई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा और अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की खुराक खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि कृमिनाशक दवा बच्चों के विकास के लिए लाभकारी है, इससे एकाग्रता बढ़ती है और एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाव होता है। जिलेभर में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई गई, जबकि छूटे हुए बच्चों को 29 अगस्त को मॉप-अप दिवस पर खुराक दी जाएगी। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई दवा व जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर शुक्रवार को क्षेत्र के विद्यालयों में कार्यक्रम हुए। पीएम श्री विद्यालय बाकरा में स्वास्थ्य विभाग व विद्यालय प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएचओ अनिता गुर्जर ने बच्चों को पेट में कीड़े होने से होने वाले दुष्प्रभाव बताए और समय पर दवा लेने की अपील की। कार्यक्रम में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई तथा स्वच्छता, हाथ धोने और खुले में शौच से बचने के लिए प्रेरित किया गया।



# सावर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई दवा

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, केकड़ी गेट, सावर में हुआ। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजॉल निःशुल्क दी गई। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि कृमि संक्रमण बच्चों में कुपोषण और खून की कमी जैसी समस्याएं पैदा करता है। कार्यक्रम में अभिभावकों व बच्चों को स्वच्छता अपनाने, हाथ धोने और खुले में शौच से बचने की सलाह दी गई। जो बच्चे दवा लेने से छूट गए, उन्हें 29 अगस्त को मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी।



# बरसात में थम जाता है जनजीवन, पुलिया निर्माण की उठी मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



बरसात का मौसम शुरू होते ही बिजौलिया क्षेत्र के कई गांवों का जीवन ठहर सा जाता है। खाड़ी वाली नदी के उफान पर आते ही माजीसाहब का खेड़ा, श्री चारभुजा नाथ, तिलिस्वा महादेव, गोपालपुरा, डोबिया और गोविंद निवास जैसे गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट जाता है। हर साल दोहराई जाने वाली यह समस्या अब ग्रामीणों की बड़ी चिंता बन गई है।

गांव के लोगों का कहना है कि पानी सड़क पर चढ़ने से रास्ता बंद हो जाता है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है और बीमारों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में उन्हें कई बार घंटों तक पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है।

लंबे समय से झेल रही इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से खाड़ी वाली नदी पर स्थायी पुलिया निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि पुलिया बनने से बरसात में गांवों का संपर्क नहीं टूटेगा और आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

## QUICK BITES

### चारधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



उपखंड क्षेत्र के गेणोली गांव से 15 दिवसीय चारधाम यात्रा पर गए श्रद्धालु सकुशल लौट आए। बस द्वारा लौटने पर श्रद्धालुओं का क्षेत्रवासियों और परिजनों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं में घिसू मीणा, भूरा माली और कछवा भूरा भील का विशेष रूप से स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने डीजे की धुन पर बिंदोरी निकाली, जो बाजार से शुरू होकर भगवान चारभुजा नाथ मंदिर परिसर पहुंची। यहां देव नारायण भगवान के दर्शन किए गए और श्रद्धालुओं का फूलमालाओं से अभिनंदन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे और श्रद्धालुओं की यात्रा पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त किया।

### गिरवरपुरा विद्यालय निर्माण घोटाला उजागर

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



गिरवरपुरा नापाखेड़ा स्थित जनजाति आवासीय विद्यालय में घटिया ईंट, सीमेंट और कमजोर नींव का खुलासा हुआ है। उदयपुर-जयपुर से पहुंची जांच टीम ने पाया कि चारदीवारी की नींव मानक 4 फीट की जगह मात्र 1.5 फीट गहरी थी और सामग्री भी घटिया थी। टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए लगभग 20 बीघा क्षेत्र में बनी चारदीवारी व फाउंडेशन तोड़कर ब्रांडेड सामग्री से पुनर्निर्माण का आदेश दिया। करीब 14.35 करोड़ की लागत से जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी को आवंटित यह कार्य अब 2026 तक पूरा किया जाएगा। वही ग्रामीणों ने कार्रवाई पर राहत जताई है।

### प्रदेश महामंत्री लखारा का पनोतिया विद्यालय में स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



(पेसवानी)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री महेंद्र लखारा का शाहपुरा प्रवास के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पनोतिया में प्रधानाचार्य विपिन कुमावत, उपप्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा, शारीरिक शिक्षक ओमप्रकाश चौधरी एवं स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षकों के साथ शैक्षिक गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई। इसके बाद शाहपुरा में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय संस्थाप्रधान वाक्पीठ में अध्यक्षता करते हुए लखारा ने ÷मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान÷ पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम आगामी 1 सितम्बर को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में पूरे भारतवर्ष के विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शैक्षिक गतिविधियों के उन्नयन को अभियान के रूप में आगे बढ़ाना है।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।